No. of Printed Pages : 7

# 5004

Register Number

# Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ] [ Maximum Marks : 100

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें, यदि स्वच्छता में कोई कमी नजर आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

## भाग – I
**(15 Marks)**

**सही** उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose the **correct** answer.

**1.** सन् 1914 ईस्वी में __________ महाकाव्य का प्रकाशन हुआ।

(अ) कृष्ण की छटा (आ) कर्मवीर (इ) प्रियप्रवास (ई) मातृभूमि

**2.** शांति और __________ मातृभूमि की संतान होने पर गुप्त जी को गर्व है।

(अ) मंगलदायक (आ) शुभदायक (इ) प्रेरणादायक (ई) उत्साहदायक

**3.** चित्रकूट, __________ की रचना है।

(अ) रहीम (आ) दिनकर (इ) कबीर (ई) गुप्त जी

**4.** __________ प्रसिद्ध रचना के लिए महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

(अ) यामा (आ) नीरजा (इ) नीहार (ई) मीरा

**5.** मिला तेज से तेज नामक पुस्तक में __________ की जीवनी का वर्णन किया गया है।

(अ) सुमित्रानंदन (आ) सुभद्रा कुमारी (इ) महादेवी वर्मा (ई) सावित्री

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

6. __________ ने कहानीकार सुदर्शन जी को जाट - गजट का संपादक बनाया।

(अ) महात्मा (आ) नेहरू (इ) चौधरी छोटूराम (ई) महर्षि दयानंद

7. संस्कृति का स्वभाव यह है कि __________ से बढ़ती है।

(अ) आदान-प्रदान (आ) आयात-निर्यात (इ) विकल्पों से (ई) बुद्धि

8. शिक्षा __________ कर्म का आनुषंगिक फल है।

(अ) कर्त्तव्य (आ) लौकिक (इ) धार्मिक (ई) अधार्मिक

9. धम्मपट्टनम में एक __________ है।

(अ) स्कूल (आ) मंदिर (इ) पुस्तकालय (ई) अस्पताल

10. भिखारिन __________ का प्रमुख उपन्यास है।

(अ) शर्मा जी (आ) महादेवी (इ) निराला (ई) प्रेमचंद

11. रक्षाबंधन का त्यौहार __________ में मनाया जाता है।

(अ) श्रावणी अमावस्या (आ) श्रावणी पूर्णिमा (इ) पौष (ई) माघ

12. सावित्री ने पैंत्तीस पैसे लेकर __________ को दिए।

(अ) हींगवाले (आ) मिठाईवाले (इ) भिखारी (ई) बच्चे

13. वीरता __________ का उदाहरण है।

(अ) सर्वनाम (आ) विशेषण (इ) क्रिया (ई) भाववाचक

14. प्रत्यय को __________ भी कहा जाता है।

(अ) परिणाम (आ) परसर्ग (इ) परासर्ग (ई) परासर

15. इनमें से विरोध बोधक है :

(अ) किंतु (आ) या (इ) मगर (ई) पास

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - II
**(18 Marks)**
### अंश - 1

**किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **4x2=8**
Answer **any four** questions.

16. पूरा कीजिए :
साधु ऐसा - - - - - - - - - - - ।
- - - - - - - - - - - देई उडाय ।।

17. कलम और तलवार में कवि का विचार प्रकट कीजिए।

18. युवकों का समाज में क्या स्थान है ?

19. जीवन में शिक्षण का स्थान क्या है ?

20. रसखान कृष्ण दर्शन के लिए क्या-क्या चाहते हैं ?

21. संस्कृति का प्रभाव किन-किन बातों पर पड़ता है ?

### अंश - 2

**किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5x2=10**
Answer **any five** questions briefly.

22. मिश्रित वाक्य किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

23. नौकर से दरवाजा खोला जाएगा। (वाच्य बदलिए)

24. आगत उपसर्ग को उदाहरण देकर समझाइए।

25. स्कूल के अन्दर मैदान है। (इस वाक्य में संबंध बोधक को रेखांकित कीजिए)

26. अकर्मक क्रिया को उदाहरण देकर समझाइए।

27. उसने किताब लाना भूला। (शुद्ध कीजिए)

28. जो व्याकरण के नियम जानता हो उसे क्या कहते हैं ?

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - III
**(18 Marks)**

### अंश - 1

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x3=6

Answer **any two** questions.

**29.** युवकों के कौन-कौन से कर्तव्य और जिम्मेदारी है?

**30.** लोभ से लोभ नहीं, लेखक के शब्दों में समझाइए।

**31.** पांचजन्य कविता द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

### अंश - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। 2x3=6

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

**32.** उपसर्ग कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**33.** पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? उनके भेदों को लिखिए।

**34.** (अ) दिए गए शब्दों के शब्द युग्म लिखिए।

(i) उपेक्षा (ii) अभिनय (iii) कृपण

**अथवा**

(आ) वाच्य बदलिए।

(i) राज चिट्ठी लिखता है।

(ii) उसने दान दिया।

### अंश - 3

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x3=6

Answer **any two** questions.

**35.** कोट्टया का चरित्र चित्रण कीजिए।

**36.** भारत के वसुदैव कुटुंबकम की भावना इस कहानी के द्वारा सार्थक है, क्यों?

**37.** मिठाईवाले के गुणों के बारे में लिखिए।

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - IV

**(25 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x5=25

Answer **all** the questions.

**38.** (अ) मैथिलीशरण गुप्त जी का कवि परिचय दीजिए।

**अथवा**

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

कितना बेबस दीखा

इसने मिटना सीखा

रक्त-रक्त, बिंदु-बिंदु

झर रहा प्रकाश-सिंधु

कोटि-कोटि बना व्याप्त

छोटा सा घेरा

मोम दीप मेरा

**39.** (अ) जीवन और शिक्षण पर पाँच-पाँच वाक्य लिखिए।

**अथवा**

(आ) आत्मनिर्भरता का पाठ बच्चों को क्यों पढ़ना चाहिए ?

**40.** अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ।

Translate the following into English.

(अ) गरीबी और भूख दोनों शापों को देश से हटाना चाहिए।

(आ) जिसका मन सत्य का मंदिर है उसका आचरण भी पवित्र होता है।

(इ) आरविली राइट और विलबर राइट जिन्होंने हवाई जहाज का आविष्कार किया था।

(ई) पहाड़ बादलों को रोककर पानी बरसाते हैं।

(उ) कोलंबस धैर्यवान और खोज प्रकृति का युवक था।

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

**41.** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संतोष निरोगता का लक्षण है, लोभ बीमारी का लक्षण है। जो मनुष्य खाते-खाते संतुष्ट नहीं होता उसे अधिक खिलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती उसके लिए वैद्य की आवश्यकता होती है ऐसे मनुष्य को अधिक खिलाने की अपेक्षा अनेक खाए हुए पदार्थ को वमन कराके बाहर निकालना पड़ता है क्योंकि अनावश्यक अथवा आवश्यकता से अधिक पदार्थ पेट में रहने से रोग हुए बिना नहीं रहता। इसी तरह जिनको संतोष अर्थात् जो लोग प्रतिदिन अधिक से अधिक धन इकट्ठा करने के यत्न में लगे रहे उनको अधिक देने की अपेक्षा उनसे कुछ छीन लेना अच्छा है।

(अ) निरोगता का लक्षण क्या है ?

(आ) बीमारी किसका लक्षण है ?

(इ) वैद्य की आवश्यकता क्यों होती है ?

(ई) संतोष का सही अर्थ क्या है ?

(उ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**42.** (अ) **सही** जोड़ मिलाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रूपबोधक | – | धीरे - धीरे |
| (b) | रीतिवाचक | – | परसर्ग |
| (c) | संबंधवाचक | – | मानो |
| (d) | प्रत्यय | – | गुच्छा |
| (e) | समूहवाचक | – | जो |
| | | – | राम |
| | | – | की |

**अथवा**

(आ) शुद्ध कीजिए :

(a) बच्चे स्कूल जाना चाहिए।

(b) राम ने रोटी खाया।

(c) वह लौट आए।

(d) यह पुस्तक में पढ़ा हूँ।

(e) मैंने घर जाना है।

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - V

**(24 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3x8=24

Answer **all** the questions :

**43.** (अ) कर्मवीर कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) मैं नीर भरी दुख की बदली कविता का सारांश लिखिए।

**44.** (अ) जीवन और शिक्षण पाठ का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) संस्कृति पाठ का सारांश लिखिए।

**45.** (अ) रक्षाबंधन कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) हींगवाला कहानी का सारांश अपने **शब्दों** में लिखिए।

**- o O o -**

https://www.tamilnaduboard.com